## सार-समाचार

### नवजात कन्याओं का पूजन किया

**पोकरण**, (निसं)। भारत विकास परिषद शाखा पोकरण की ओर से परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायी आयोजन किया गया। परिषद के सचिव कुम्भ सिंह चाँपावत ने बताया कि 10 जुलाई को भारत विकास परिषद का स्थापना दिवस पूरे देश में मनाया जाता है। इसी कडी में पोकरण शाखा के सदस्यों ने इस दिन को विशेष रूप से मनाते हुए नवजात कन्याओं का पूजन कर समाज को एक सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया। इस अवसर पर राजकीय अस्पताल पोकरण में जन्मी चार नवजात कन्याओं – लीला पत्नी आईदान, रोशनी पत्नी नरपतराम, हीरो पत्नी अर्जुनराम और रोशनी पत्नी दौलतराम का विधिवत पूजन कर उन्हें चाँदी के सिक्के भेंट स्वरूप दिए गए। इस आयोजन का उद्देश्य कन्याओं के प्रति समाज में सम्मान और श्रद्धा का भाव जागृत करना था। परिषद अध्यक्ष अभय कुमार अग्रवाल ने इस मौके पर कहा कि बेटियां हमारे समाज की धुरी हैं। यदि बेटियां सुरक्षित रहेंगी तो मानवता और सृष्टि सुरक्षित रहेगी। उन्होंने इस पहल को समाज में जागरूकता और प्रेरणा का माध्यम बताया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष अचलदान रतनू, पर्यावरण संयोजक जीतेन्द्र विश्नोई, संपर्क संयोजक खीवसिंह रावलोत, विष्णु कान्त थानवी, डॉ. अनिल गुप्ता, डॉ. कामिनी गुप्ता, डॉ. तांबल राम, डॉ. चारुलता जुईया सहित परिषद के कई सदस्य उपस्थित रहे। इस अभिनव पहल की नगरवासियों ने सराहना की और इसे बेटियों के सम्मान व सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया।

### चोरियों का राजफाश करने की मांग

**जालोर**, (कासं)। भारतीय किसान संघ व एफसीआई गोदाम क्षेत्र के लोगो ने एएसपी मोटाराम गोदारा को ज्ञापन सौपकर एफसीआई गोदाम में हुई चोरियों का खुलासा करने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि 27 जून को पारसमल पुत्र कुपाराम माली, निवासी एफसीआई गोदाम के सामने से उनका वैल्डिंग लोडिंग ऑटो रिक्शा चोरी हुआ था। जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाना कोतवाली जालोर में दी थी उक्त टेक्सी को चोरी हुऐ आज करीबन 10-12 दिन हो गये हैं । लेकिन आज दिन तक पारसमल की टेक्सी चोरी के प्रकरण में पुलिस थाना कोतवाली जालोर ने कोई कार्यवाही नहीं की। इसी प्रकार 7 जुलाई को कैलाश पुत्र मोहनलाल माली निवासी एफसीआई गोदाम के पीछे जालार के घर से रात्रि में ताला तोडकर घर के अन्दर घुसकर पानी की मोटर अज्ञात चोर चोरी करके ले गये। इसी प्रकार आज से करीबन एक माह पहले भंवरलाल पुत्र केसाजी माली निवासी एफसीआई के सामने से इनके घर से दो पानी की मोटर अज्ञात चोर चोरी करके ले गये। कॉलोनी में से तीन-चार मोटरसाईकिल पहले भी चोरी हुऐ थे। पुलिस थाना कोतवाली जालोर ने आज दिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं की हैं तथा ना ही इन चोरीयों को करने वाले चारों की तलाश की हैं। क्षेत्र में कई शराबी प्रवृति के लोग भी घुमते है, जिससे लोगो को परेशानी का सामना करना पड रहा है। ज्ञापन में चोरियो का खुलासा करने की मांग की गई।

### भाविप ने स्थापना दिवस मनाया

**पाली**, (नि.सं.)। भारत विकास परिषद पाली शाखा का स्थापना दिवस गुरुवार को श्रीमती गुमान भाई भंसाली कन्या विद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें दीप प्रज्वलन एवं भारत माता चित्र एवं स्वामी विवेकानंद चित्र के पूजन एवं वंदे मातरम गायन के साथ कार्यक्रम शुरू किया गया। अध्यक्ष नूतन बाल. कपिला ने अतिथियों का स्वागत किया एवं कार्यक्रम का परिचय दिया। राष्ट्रीय मंत्री डीडी शर्मा ने भारत विकास परिषद की स्थापना विकास एवं आज के संदर्भ में परिषद के विस्तार से परिचित करवाया। कार्यक्रम में पाली के 45 विद्यालयों के अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले दसवीं एवं बारहवीं के छात्र-छात्राओं का अभिनंदन किया गया। जिसमें के आर चौधरी राहुल राजपुरोहित एवं.. राजपुरोहित ने छात्रों का उत्साह वर्धन किया। चौधरी ने परिषद के उद्देश्यों एवं नियमों के अनुसार जीने की बात कही। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों का नागरिक सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अंजना सराफ, उषा, चंद्रकांता, सुबुद्धि, पूनम तिवारी, मंजू शर्मा, रमेश बरडिया, मेघराज बम, रमेश मिश्रा, राजकुमार कटारिया, उपस्थित रहे। संचालन उर्मिला तापड़िया ने किया। धन्यवाद परिषद के सचिव जयशंकर त्रिवेदी ने ज्ञापित किया। राष्ट्रगान से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### परिवार अस्पताल में व्यस्त, घर में चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के पाल रोड स्थित अरिहंत नगर में एक सूने मकान में बुधवार के समय में चोरी हो गई। परिवार के लोग एम्स अस्पताल में व्यस्त थे। वापिस लौटे तो ताले टूटे मिले। अज्ञात चोर घर से पांच तोला से ज्यादा सोना और डेढ़ किलो चांदी के आइटम चोरी कर ले गए। पीड़ित ने इस बारे में सीएचबी थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज से चोरों की पहचान के साथ तलाश में जुटी है। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि पाल रोड स्थित अरिहंत नगर के रहने वाले अनिल गुप्ता पुत्र हरीचरण गुप्ता ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि बुधवार की सुबह वह परिवार सहित एम्स अस्पताल सदस्य के इलाज के लिए गया था। वापिस दोपहर में लौटा तो घर के ताले टूटे मिले। अज्ञात चोर घर की अलमारी बक्सों से साढ़े पांच तोला सोने के जेवर जिनमें 3 चेन, दो मंगलसूत्र और डेढ़ किलो चांदी के आभूषण चुरा ले गए। पुलिस ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर जांच आरंभ की गई है। एएसआई भीमसिंह तफ्तीश कर रहे है।

### ट्रेन में सीट के नीचे मिला अवैध डोडा पोस्त

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के रातानाडा स्थित रेलवे वाशिंग लाइन में खड़ी एक सवारी ट्रेन के जनरल कोच की सीट के नीचे छुपाया गया अवैध डोडा पोस्त मिला है। आरपीएफ के सबइंस्पेक्टर की तरफ से अज्ञात शख्स के खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज करवाया गया है। सीट के नीचे पांच किलो से ज्यादा अवैध डोडा पोस्त मिला है जोकि दो बैग में भरा था। पुलिस अब जांच में जुटी है। रातानाडा पुलिस ने बताया कि शाम के समय रातानाडा रेलवे वाशिंग लाइन में ट्रेनों की धुलाई का कार्य चल रहा था। तब आरपीएफ के एसआई अशोक कुमार मय जाब्ते के गश्त करते पहुंचे ।वे ट्रेनों की तलाशी ले रहे थे। तब एक ट्रेन के जनरल कोच की सीट के नीचे दो बैग मिले। बैग को संदिग्ध मानकर तलाशी ली गई तो उसमें तीन प्लास्टिक की थैलियां नजर आई। इस पर उन्हें खोला गया तो अवैध डोडा पोस्त मिला। उसका वजन कराए जाने पर तकरीबन वह 5.05 किलोग्राम था। एसआई अशोक कुमार ने अज्ञात शख्स के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में रिपोर्ट दी है। जांच थानाधिकारी दिनेश लखावत की तरफ से की जा रही है।

### सैलवी विद्यालय में पौधारोपण किया

**पोकरण**, (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, सेलवी (जसवंतगढ) में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के दिन हरियाळो राजस्थान वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी कें अनुसार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीबीईओ हेमशंकर जोशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष फजल खान ने की। मानाराम चौधरी, प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ने वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में वार्ड मेंबर इमरान, पूर्व उपाध्यक्ष सत्तार खान सहित कई गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। विद्यालय के संस्था प्रधान मुर्लीधर जोशी एवं समस्त स्टाफ व अभिभावक तथा विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रांगण में पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य अतिथि जोशी ने अपने उद्बोधन के दौरान बच्चों को पेड लगाओ, घरों को हरा-भरा बनाओ का संदेश देते हुए हरियाळो राजस्थान अभियान के महत्व को समझाया। उन्होंने बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु इस प्रकार के आयोजनों की सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था प्रधान मुर्लीधर जोशी द्वारा किया गया।

### स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**बाड़मेर**, (निसं)।अवैध मादक पदार्थो के विरूद्व कार्यवाही के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन संपोलिया के तहत थानाधिकारी पुलिस थाना सेडवा मय टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त कर मुलजिम को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि दीपसिंह ,थानाधिकारी, पुलिस थाना सेडवा मय टीम द्वारा द्वारा मुखबिर की सूचना पर सरहद गुल्ले की बेरी मे मुलजिम हनुमानराम पुत्र किशनाराम विश्नोई निवासी गुल्ले की बेरी पुलिस थाना सेडवा के कब्जे से 14 ग्राम 75 मि.ग्रा. स्मैक जब्त कर मुलजिम को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की गई। इस सम्बध मे पुलिस थाना सेडवा मे एनडीपीएस एक्ट मे प्रकरण दर्ज कर अग्रीम अनुसंधान व मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त के सम्बन्ध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि मुलजिम के विरूद्व पूर्व मे हत्या के प्रयास का 1 प्रकरण पुलिस थाना मोहनगढ ,जैसलमेर मे दर्ज है। इस कार्यवाही मे कांस्टेबल पवन कुमार की विशेष भूमिका रही है।

# गुरू पूर्णिमा महोत्सव श्रृद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया

**जोधपुर**, (कासं)। गुरु प्रेम व शिष्य के, आदर स्नेह का प्रतीक गुरु पूर्णिमा पर्व गुरुवार को भक्तिभाव से श्रद्धापूर्वक मनाया गया। गुरु पूर्णिमा पर शहर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जोधपुर शहर के सभी गुरु पीठों, मठ व आश्रमों में भक्तों ने अपने गुरुओं के दर्शन कर पूजन किया। शिष्यों ने अपने जीवित गुरुजनों को माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया और जिनके गुरु देवलोकगमन हो गए है उन्होंने उनके पादुकाओं और फोटो पर माल्यार्पण कर गुरु पूर्णिमा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान कई जगह पर भजनों और फूलमंडली का आयोजन करने के साथ गुरु पूर्णिमा की प्रसादी का आयोजन भी किया गया।

माता का थान, शिक्षक नगर स्थित सद्गगुरू गुलाबदास सेवा संस्थान में गुरू पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। भक्तों ने स्वामी रामप्रकाश महाराज का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व सद्गगुरू गुलाबदास महाराज की चरण पादुका का पूजन किया गया।

आगंतुक भक्तों के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई। गुरु और शिष्य के इस पावन पर्व पर शहर के अजनेश्वर आश्रम, दादा दरबार सिद्धनाथ, परमहंस किशनागिरी खरज आश्रम, मंडोर शंकर मठ, रामद्वारा में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शास्त्री नगर सेक्टर बी स्थित दुर्गा मन्दिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। यहां पंडित महेंद्र व्यास के सानिध्य में कार्यक्रम हुए। कार्यक्रमों के तहत पादूका पूजन, आरती, प्रसादी व कीर्तन किया गया।

तखतसागर की पहाडि़यों में संतों की तपोभूमि सिद्धनाथ पीठ में नारायण स्वामी, नेपाली बाबा सहित तमाम गुरुजनों की समाधिओं पर फूल मंडली की गई और आरती हुई। यहां गुरु पूर्णिमा पर्व के उपलक्ष में मेला भरा गया। सुबह गुरु पादुका पूजन व धार्मिक अनुष्ठान किए गए। इसके बाद दिनभर श्रद्धालुओं के आने का क्रम जारी रहा। गुफा में कमल गिरी महाराज और बालक गिरी महाराज का गुरु भक्तों द्वारा चरण पूजन किया गया।

श्री ऋषिकुलधाम सेवा संस्थान ट्रस्ट शक्ति नगर गली नंबर चार में गुरु पूजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर रुद्राभिषेक, गीता पाठ, शंकराचार्य पूजन, गुरुदेव पूजन, प्रसादी का आयोजन किया गया।

चौपासनी स्थित अध्यात्म विज्ञान सत्संग केंद्र में सद्गुरुदेव रामलाल सियाग के शिष्यों द्वारा गुरुपूर्णिमा महोत्सव मनाया गया।

संस्था के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप रतनू ने बताया कि इस समारोह में भाग लेने के लिए सद्गुरुदेव सियाग के शिष्य देश के विभिन्न भागों से जोधपुर पहुंचे।

भूतनाथ मंदिर में सिद्धपीठ गढ सिवाना के गादीपति नृत्य गोपाल रामजी महाराज का चातुर्मास शुभारंभ एवं गुरुपूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, आस्था एवं भक्ति भाव से मनाया गया।

**पाली संवाददाता के अनुसार :** गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरुवार को शहर समेत जिले भर में उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर गुरु भक्त अपने-अपने गुरुओं के आश्रम पहुंचकर गुरु को पूजा अर्चना कर साल और श्रीफल देकर बहुमन किया और आशीर्वाद लिया। इसी कड़ी में पाली शहर में गांधी मूर्ति स्थित गीता सत्संग भवन में संत प्रेमानंद स्वामी के नेतृत्व में हवन में जोड़ों ने आहुतियां दी। वहीं शिव मंदिर परिसर में नंदी भगवान की नई प्रतिमा विधि विधान से स्थापित की। सुबह से दोपहर तक भक्तों ने गुरु पूजन किया। उसके बाद आयोजित भंडारा में करीब 3000 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी प्रकार नागा बाबा बगेची में संत सुरेश गिरी, महंत चंचल गिरी के सानिध्य में संतों की पूजा की गई। केरिया दरवाजा स्थित खेड़ापा रामद्वारा में संत सुरजन दास जी महाराज, रामद्वारा में संत सोजत के फूल नारायण आश्रम, हेमावास बोर्ड स्थित चाणक्य आश्रम में जगदीश महाराज, जॉर्डन स्थित ओम आश्रम में महेश्वरानंद महाराज के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा मनाई गई।

**जैसलमेर संवाददाता के अनुसार :** गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरुवार को बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हुए। जिले भर के मठों व आश्रमों में गुरु पूर्णिमा पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए। शहर के आसरी मठ, गुलाब सागर मठ, गजरुप सागर मठ, बाईजी आश्रम, देवचंद्रेश्वर महादेव मंदिर सहित कई मठों व आश्रमों में गुरु भक्तों ने अपने गुरुओं का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गीता आश्रम में भारत माता मंदिर हरिद्वार के संस्थापक ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंदगिरि द्वारा संचालित समन्वय परिवार के जैसलमेर शाखा के सदस्यों ने जिलाध्यक्ष हरि भा व्यास के निर्देशन में हवन कर आहूतियां दी तत्पश्चात ब्रह्मलीन गुरुदेव स्वामी सत्यमित्रानंदगिरि जी के चित्र की पूजा अर्चना कर आरती की।

गुरू भाई श्रीराम आचार्य, मुरलीधर खत्री, अचलदास डांगरा, मांगीलाल आचार्य, दीनदयाल माली, रमेश खत्री, राजेन्द्र व्यास ,औम केवलिया के साथ रमनलाल खत्री ने सप्तनिक गुरु प्रार्थना की।

हवन-पूजन के दौरान लक्ष्मी झंवर द्वारा भी आहुतियां दी गई।

## जोगेश्वर गर्ग ने गंगानाथ महाराज का पूजन किया

**जालोर**,(कासं)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व पर राज्य सरकार की ओर से जालोर स्थित भैरूनाथ अखाड़ा में महंत श्री गंगानाथ महाराज का माल्यार्पण कर पूजन किया।

इस दौरान उन्होंने गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व के उपलक्ष्य में राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के गुरू वंदन संदेश का पठन कर महंत गंगानाथ महाराज को सौंपा। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल, रवि सोलंकी, महेश भट्ट, ओबाराम देवासी, अशोक गुर्जर, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

जालोर जिले में गुरु पूर्णिमा के पर्व पर मंदिरो , मठो सहित अन्य जगह गुरुओ से आशीर्वाद लेने के लिए शिष्यो की भीड नजर आई। गुरु के चरण शीश नवाकर आशीर्वाद लियाा।

जालोर शहर के जलंधरनाथ धर्मशाला स्थित भैरुनाथ अखाडे में अल सुबह से ही गुरु पूर्णिमा पर्व को लेकर भीड नजर आई पीर गंगानाथ महाराज से आशीर्वाद लेने के लिए भक्तो की भीड उमडी। भक्तो ने पीर गंगानाथ महाराज के समक्ष शीश नवाकर सुख समृद्वि एवं खुशहाली की कामना की। वही शहर के निकट लैटा मठ स्थित रणछोड भारती महाराज से भी आशीर्वाद लेने भक्तो का रेला लगा। वही सिरे मंदिर धाम पर गुरु पूर्णिमा पर्व को लेकर मेला जैसा माहौल नजर आया।

वहीं जिला उपभोक्त विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष घनश्याम यादव सदस्य निरंजन शर्मा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर मे पौधा रोपण किया । इस अवसर पर आयोग का संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहा

आयोग के अध्यक्ष ने बताया की प्रकृति हमारी माँ है और माँ ही हमारी प्रथम गुरु है और प्रकृति से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। प्रकृति से ही प्रेरित हो कर आज पौधारोपण किया गया है। आगे भी आयोग सका रतमक गतिविधियां करते रहेंगे।

वहीं महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शिवाजी नगर जालोर में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरू वंदन के साथ-साथ वृक्षारोपण दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य श्री मनीष कुमार ने बताया कि गूरू पूर्णिमा उत्सव अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा गुरूजनों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया, साथ ही विद्यालय में हरियालो राजस्थान अंतर्गत वृक्षारोपण हेतु विद्यार्थियों को पौधे बांटे गए। कार्मिकों द्वारा अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण सरंक्षण का संकल्प लिया गया।

## 50 कार्टन अवैध शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**बाड़मेर**,(निसं)। जिला पुलिस द्वारा गुरुवार को वांछित अपराधियों की धरपकड और अवैध गतिविधियों की रोकथाम को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान मे थानाधिकारी पुलिस थाना धोरीमन्ना मय टीम द्वारा वाहनो की चैकिंग के दौरान बोलेरो केम्पर वाहन मे परिवहन की जा रही अवैध व बिना लाईसेंस की 50 कार्टन शराब बरामद कर मुलजिम हरजीराम को गिरफ्तार किया गया। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 5.50 लाख रूपये आंकी गई है।

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि गुरुवार को वांछित अपराधियो की दस्तयाबी व अवैध शराब, मादक पदार्थो की रोकथाम हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाडमेर व वृताधिकारीगण के सुपरविजन मे पुलिस टीमे बनाकर दबिशे देने, संदिग्ध वाहनो की गहनता से जांच करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान बगडूराम ,थानाधिकारी, पुलिस थाना धोरीमन्ना मय टीम द्वारा एरिया डोमीनेशन के दौरान वाछित मुलजिमानो की तलाश हेतु संदिग्ध वाहनो की चैकिग के दौरान सरहद सउओ की बेरी मीठडा खुर्द मे बोलेरो कैम्पर को चैक करने मे वाहन मे भारी मात्रा मे अवैध शराब भरी हुई पाई गई। बोलेरो वाहन मे भरी शराब को चैक करने पर वाहन मे राजस्थान निर्मित विभिन्न ब्रांडो की अंग्रेजी शराब व बीयर के 50 कार्टन पाये गये।

बोलेरो वाहन व 50 कार्टन शराब को जब्त कर मुलजिम हरजीराम पुत्र पोकराराम जाति जाट निवासी दुधू पुलिस थाना धोरीमन्ना को गिरफतार किया गया। ईस सम्बन्ध मे पुलिस थाना धोरीमन्ना पर आबकारी अधिनियम मे प्रकरण दर्ज किया गया।

### अवैध शराब ले जाते पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। भीतरी क्षेत्र मकराना मोहल्ला में पुलिस ने स्कूटी सवार की तलाशी ली। गाड़ी की डिक्की में अवैध रूप से बीयर की बोतलें और केन रखे हुए थे। स्कूटी सवार को आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार कर लिया गया।

## जोराराम ने महेश्वरानंद महाराज का सम्मान किया

**पाली**,(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार, गुरु पूर्णिमा पर गुरुवार को राजस्थान की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए गुरुजनों का सम्मान किया गया।

राजस्थान सरकार की ओर से प्रदेश में गुरु पूर्णिमा पर हुई इस पहल का हिस्सा देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत भी बने। उन्होंने पाली जिले के जाडन में स्थित ओम विश्वदीप गुरुकुल स्वामी महेश्वरानंद आश्रम में आयोजित देव दर्शन एवं गुरु पूजन कार्यक्रम के दौरान दीपनारायण भगवान के शिष्य परम पूज्य संत महेश्वरानंद जी महाराज का सम्मान किया।

देवस्थान विभाग के सौजन्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से जोराराम कुमावत ने संत महेश्वररानंद जी महाराज को 2100 रुपये की सम्मान राशि, श्रीफल, शॉल, मिठाई और गुरु वंदन संदेश भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की खुशहाली एवं सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। कुमावत ने इससे पहले श्रद्धालुओं से आत्मीयता के साथ मुलाकात की।

देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई में राज्य सरकार द्वारा संतों और धर्मगुरुओं को सरकारी स्तर पर सम्मानित करने का यह फैसला प्रदेश में सनातन संस्कृति और संत परंपरा को पुनः प्रतिष्ठित करने की दिशा में एक बड़ी और ऐतिहासिक पहल है। कुमावत ने कहा कि गुरु पूर्णिमा ज्ञान, श्रद्धा और समर्पण का पर्व है।

गुरु वंदन कार्यक्रमों में मोहनलाल जाट, पूर्व राज्यसभा सांसद नारायण सिंह माणकलाल ,सोजत विधायक शोभा चौहान, पाली पंचायत समिति के प्रधान प्रतिनिधि पुखराज पटेल, किसान केसरी भंवर चौधरी, पूर्व जिला उप प्रमुख नवल किशोर, हुकम सिंह, चैन सिंह, ट्रस्टी देवीलाल, सोजत नगरपालिका चेयरमैन के प्रतिनिधि जुगल किशोर, नरेंद्र चौधरी, लक्ष्मणदास चारण आदि मौजूद रहे।

### पौधारोपण किया

**रेवदर**, (निसं)। हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत एक पेड मां के नाम अभियान की शुरुआत राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरिया माता, हरनी अमरपुरा में पीईईओ आशुतोष व्यास द्वारा किया।

इस अवसर पर पीईईओ और ग्राम वासियों ने मिलकर विद्यालय परिसर में गुरु पूर्णिमा पर बरगद का पेड लगाया। ग्राम वासियों ने विद्यालय परिसर में स्थित हरे भरे पेड पौधों को देखकर खुशी जाहिर की तथा पीईईओ महोदय ने भी विधालय की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा संस्था प्रधान और प्रभारी के कार्यो की सराहना की।

कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक रमेश कुमार, वृक्षारोपण प्रभारी धीरसिंह , समाजसेवी लक्ष्मण सिंह जी देवडा , ईश्वर सिंह जी देवडा एसएमसी अध्यक्ष पोसाराम ,करण सिंह जी , हंसाराम, ताराचंद ,हीराराम कलबी ,जोरसिंह , खंगाराराम एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मदन राठौड़ न नागा बाबा बगीची में संतों का लिया आशीर्वाद

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर मे सिद्ध पीठ (नागा बाबा बगीची ) श्री गणेश जी मदिर मे प्रदेश अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद मदन राठोड ने पुजा अर्चना की व महन्त नारायण गिरी जी महाराज व महन्त सुरेश गिरी जी महाराज से आशीर्वाद लिया। महन्त जी का श्रीफल भेंट कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुनिल भडारी, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, पूर्व न्यास अध्यक्ष सजय ओझा, जिला प्रवक्ता त्रिलोक चौधरी नरेश ओझा, रामकिशोर साबु, मुलसिह भाटी, मानवेंद्र सिंह भाटी, नरपत दवे, राकेश पंवार, महिपाल सिंह चारण, परेमसिह महेचा, राहुल मेवाडा, राजेश परमार, विठलभाई वागडी सहित कई जने उपस्थित रहे।

## बजट घोषणाओं को प्राथमिकता दें : डॉ.गावंडे

**जालोर**, (कासं)। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वर्ष 2025-26 एवं 2024-25 के अंतर्गत बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बजट घोषणा वर्ष 2025-26 एवं बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की क्रियान्वयन प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं की क्रियान्विति प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करें। उन्होंने बजट घोषणाओं के तहत जालोर शहर में रिंग रोड निर्माण कार्य, सरनाऊ में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना, आहोर में नवीन कन्या महाविद्यालय, ग्राम पोषाणा में जनजाति बालिका छात्रावास, जसवंतपुरा में एकलव्य आवासीय विद्यालय, जसवंतपुरा से चितरोड़ी वाया सुंधा माता सडक निर्माण, हरजी-पचानवां नदी पर पुल निर्माण, सांचौर में एग्रो फूड पार्क, ग्रामीण क्षेत्रों हेतु अटल प्रगति पथ, कस्टमर हायरिंग सेंटर (सहकारी समिति) की स्थापना के संबंध में बिंदुवार चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, युवा एवं खेल मामले विभाग, पशुपालन विभाग, स्कूली शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों की बजट घोषणाओं को तय समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक धनसिंह राजपुरोहित, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक अशोक विश्नोई, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत, केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक नारायण सिंह व बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक राजीव सुथार सहित अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

वहीं सांसद लुम्बाराम चौधरी की अध्यक्षता में 15 जुलाई को होने वाली जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा समिति) की बैठक 16 जुलाई को कलेक्ट्रेट में होगी।

## जैसलमेर में पुरानी छतरियों के निर्माण पर विवाद, पुलिस के सामने दो गुट भिड़े

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर में पुरानी छतरियों के निर्माण को लेकर पुलिस की मौजूदगी में दो गुटों में झड़प हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव किया।

एक पक्ष ने महिलाओं और बच्चों को आगे कर पत्थर फेंके। महिलाओं ने भी पुलिस पर पथराव किया। भीड़ को काबू में करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

पथराव में कांस्टेबल समेत तीन लोग घायल हो गए। मौके पर हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। पूर्व विधायक सांगसिंह भाटी सहित सैकड़ों लोग मौजूद हैं।

मामला बासनपीर गांव में गुरुवार सुबह 10 बजे का है। गांव में तालाब किनारे बनी छतरियों के निर्माण को लेकर कुछ लोग पहुंचे थे। इसी को लेकर विवाद शुरू हो गया था।

गांव में जुंझार रामचंद्रसिंह सोढ़ा और जुझार पालीवाल जी की छतरियों का पुनर्निर्माण चल रहा था। इसी दौरान दूसरे समुदाय के कुछ लोगों ने इसका विरोध किया और पत्थरबाजी शुरू कर दी। घटना में कई गाड़ियों को नुकसान भी पहुंचा है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया।

मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी बीच बचाव करने आए तो ग्रामीणों ने उन पर भी पथराव करना शुरू कर दिया। इधर, भीड़ को नियंत्रण करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। इस दौरान 22 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। मौके पर एसडीएम, तहसीलदार समेत पुलिस जाब्ता तैनात है।

## नंदगांव में चातुर्मास महोत्सव शुरू, गोपूजन किया

**रेवदर**, (निसं)। श्री गोधाम महातीर्थ पथमेडा की शाखा श्री मनोरमा गोलोकतीर्थ नंदगांव केसुआं में परम श्रद्धेय गोऋषि स्वामी दत्तशरणानंदजी महाराज के सान्निध्य में श्री गो गोवर्धन कृपा चातुर्मास आराधना महोत्सव का मंगलमय शुभारंभ हुआ।

महोत्सव में बड़ी संख्या में संतों और गोभक्तों ने भाग लेकर ठाकुरजी की पूजा-अर्चना, प्रभात फेरी, गोपूजन और हरिहर पूजन किया।

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भगवान वेदव्यासजी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दौहरान भगवान दत्त चरण पादुका एवं भगवान हरिहर की भव्य आरती हुई। चातुर्मास के पहले ही दिन से भक्ति और सेवा का वातावरण उपस्थित रहा।

गोवत्स राधाकृष्णजी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भवसागर से पार उतारने का ज्ञान गोऋषिजी के पास है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष गोपालन करना साक्षात भागवत ज्ञान के समान है। महाराजजी ने समझाया कि अंधकार से प्रकाश की प्राप्ति को ही ज्ञान कहते हैं और सम्पूर्ण ज्ञान वेदव्यासजी ने ही मानव समाज को दिया।

श्री गोधाम महातीर्थ पथमेडा के संरक्षक एवं प्रधान संरक्षक गोऋषि स्वामी श्री दत्तशरणानंदजी महाराज ने बताया कि वेदव्यासजी ने चारों वेदों, पुराणों, उपनिषदों और समस्त शास्त्रों का गहन अध्ययन कर एक लाख श्लोकों की महाभारत की रचना की। उन्होंने कहा कि ग्वाले की गोसेवा ही भागवत परायण है, क्योंकि गाय का पालन मानव जीवन को शुद्ध करता है और मोक्ष का द्वार खोलता है।

गुरु पूर्णिमा के विशेष प्रसंग पर महाराजश्री ने कहा कि आज हर कोई गुरु के रूप में किसी व्यक्ति की तलाश करता है, परंतु सच्चा गुरु वही है जो भगवान से जोडता है। उन्होंने कहा कि आजकल हमने गुरु को केवल मैनेजर मान लिया है, जबकि वास्तविक गुरु व्यक्ति को अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाता है।

इस अवसर पर गोऋषि स्वामी दत्तशरणानंद महाराज के साथ-साथ योगेशदास महाराज, नर्मदाशरण महाराज, अखंडानंद महाराज, मगनपुरी महाराज, गोपालदास महाराज और विठ्ठलकृष्ण महाराज सहित संतों ने आशीर्वचन प्रदान किए और चातुर्मास की महत्ता बताई।

गुरु पूर्णिमा के विशेष मनोरथी बलवंतराज दीपाजी पुरोहित अणखोल रहे। चातुर्मास महोत्सव के अंतर्गत आगामी चार माह तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, गोसेवा, भागवत कथा, संतवाणी और गौभक्तों के लिए सेवा-कार्य संपन्न होंगे। श्रीगोधाम महातीर्थ पथमेडा सदैव से गौवंश के संरक्षण और सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार में अग्रणी रहा है। केसुआं शाखा में आयोजित चातुर्मास महोत्सव में भी यही उद्देश्य समाहित है कि जन-जन में गोसेवा और भक्ति का भाव जागृत हो।

कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष रघुनाथ सिंह राजपुरोहित, केन्द्रीय महामंत्री अर्जुनसिंह राजपुरोहित, केन्द्रीय कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गर्ग, डूंगरसिंह पुरोहित, पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी, धनराज चौधरी, मदरूपसिंह, केवलाराम, ब्रह्मदत्त पुरोहित, सीईओ आलोक सिंहल, प्रवीण पुरोहित, श्रीकांत मनिहार, कैलाश रावल, मगनीराम रावल, केशाराम सुथार, विपिन जालान, अम्बालाल सुथार, जे पी गुप्ता, गंगाप्रसाद, भागचंद जांगिड, मूलाराम पुरोहित, मेघराज मोदी और हरिसिंह केसुआ सहित कई जने उपस्थित रहे।

### रोजगार मेला 12 को

**जोधपुर**, (कासं)। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान करने के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर मंडल द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार मेला का आयोजन शनिवार, 12 जुलाई को किया जाएगा। यह आयोजन जोधपुर स्थित डॉ. एस. एन. मेडिकल कॉलेज सभागार में होगा।

मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सुबह 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर में लगभग 51 हजार नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति-पत्र वितरित करेंगे और उन्हें संबोधित भी करेंगे।

उन्होंने बताया कि जोधपुर समारोह में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा लगभग 200 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान करेंगे। इनमें 81 अभ्यर्थी रेलवे से हैं, जबकि शेष 13 अन्य केंद्रीय विभागों से हैं जिनमें गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, शिक्षा, संचार, वित्त एवं रक्षा मंत्रालय शामिल हैं।

वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिषेक गांधी ने बताया कि तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। समारोह में प्रारंभिक 25 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किए जाएंगे। शेष अभ्यर्थियों को विभागीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति-पत्र प्रदान किए जाएंगे।

## जिन वाणी सुनने से मुश्किल कार्य आसान बन जाते हैं : सुमित मुनि

**जोधपुर**, (कासं)। चैरड़िया भवन में विराजित तत्व चिंतक सुमति मुनि ने कहा कि संसार के भोगों में सुख नहीं है, मोहनीय कर्मोदय से सुख की अनुभूति मानना मिथ्या है। जिन वाणी सुनकर आत्मसात करने व सरलता आने से मुश्किल कार्य भी आसान बन जाता है। हमने पहले जो करने योग्य कार्य किया, उससे हमें मन, वचन, काया का सदुपयोग करने का अवसर मिला है। उपयोग जीव का गुण है, हमारे योग उपयोग से जुड़े एवं जब तीनों योग मन-वचन-काया एक रूप होते हैं, तब वह योगी बन जाता है।

गुरु पूनम यानि गुरु को नमन करना, गुरु हमारे भीतर है। हम परमात्मा महात्मा का चिंतन करते हैं तो वैसा ही हो जाते है, वह स्वरूप हमको प्राप्त होता है। भक्त यदि परमात्मा में तल्लीन रहे तो भक्त भी वैसा ही हो जाता है। परमात्मा, महात्मा के दर्शन से श्रवण होता है।

जब गुरु ध्यान में लीन है तो आप गुरु का ध्यान करें, गुरु जब बोलते हैं तो वाणी बरसती है, नहीं बोलते है तब कृपा बरसती है।

मुनि श्री ने कहा, कभी भी शिकायत नहीं करनी चाहिए, शिकायत करने पर रूकना पड़ता है। शरीर जब ठीक नहीं हो, तो धर्म ध्यान करने का अच्छा अवसर है।

मुनि ने कहा कि गुस्सा आदि कषाय आये तो बोले न करेमि यानि नहीं करना है। हमारी बात कोई नहीं मानता, सम्मान नहीं करता, तो आपका चिंतन चलना चाहिये कि मेरे अंदर गुस्सा, अहंकार था। यदि आपकी बात कोई नहीं मानता, तो यह चिंतन करना चाहिए कि अभी इसको होने का समय नहीं आया है। सही समय आने पर अपने आप हो जायेगा। गुस्सा आये, तब उस समय घर का कोई कार्य नहीं करें, शांत रहें, खाना न बनाएं, परोसे नहीं, खाएं नहीं क्योंकि भोजन जहर बन गया है। क्रोध अगर अंदर रहता है तो वैर में बदल जाता है, पुरानी बातें नहीं दोहरानी चाहिए।

